Regarding dilapidated condition of roads in Dadra and Nagar Haveli and Daman and Diu - laid

श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर (दादरा और नागर हवेली) : आज मैं मेरे प्रदेश के सबसे अहम मुद्दे पर मैं सरकार ध्यान केन्द्रित करना चाहती हूँ। दादरा नगर हवेली एवं दमन दीव की सड़कों की स्थिति अति भयावह हो चुकी है। बार बार भारत सरकार को एवं दादरा नगर हवेली के संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को सूचित किए जाने के बावजूद परिस्थिति में सुधार होना तो दूर की बात है जो सड़कें बची थी वह भी टूट गई है। जिसके कारण आज प्रदेश में बच्चे, बुजुर्ग एवं समस्त जनता त्राहि त्राहि कर रही है। सड़कें इतनी बदहाल स्थिति में है कि लोग रोज़ अपनी जान को जोखिम में डाल कर आवागमन कर रहे हैं। पिछले 7 वर्षों में प्रदेश की एक भी सड़क अच्छे तरीक़े से बनी नहीं है और अगर कोई बनी भी होगी तो 6 महीने में उसमे बड़े बड़े गड्ढे देखने को मिलते है। जनता अच्छी सड़कों जैसी मूलभूत सुविधा की हक़दार है। मैं भारत सरकार एवं सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय से अनुरोध करती हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र की इस गंभीर समस्या का अति शीघ्र संज्ञान लें तथा सम्बंधित विभाग एवं अधिकारीयों को जरुरी दिशानिर्देश जारी कर शीघ्र उचित कार्यवाही करने की कृपा करे।